दिनांक 10 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अंतिम नोटिस का जवाब नहीं दिए तो होगी बेदखली की कार्यवाही , जुनवानी स्कूल के बाउंड्रीवाल के किनारे संचालित की जा रही अवैध गुमटियां

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 01 में शासकीय प्राथमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला जुनवानी के बाउंड्रीवाल के समीप बेतरतीब गुमटियां लगने से भीड़ बढ़ने लगा है , इससे स्कूल के अध्यापन में भी समस्या होने लगी है। जिसे देखते हुए निगम ने सभी गुमटी संचालकों को अंतिम नोटिस जारी कर आवंटन संबंधी दस्तावेज मांगे है इसके बाद गुमटीओ को हटाने की कार्यवाही की जावेगी। जोन 01 नेहरू नगर के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने बताया कि वार्ड 01 में शासकीय प्राथमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला जुनवानी के बाउंड्रीवाल के किनारे कुछ लोगों के द्वारा गुमटियां लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है , इस कारण स्कूल के पास लोगों का जमावड़ा और शोर शराबा होने के कारण विद्यार्थियों के अध्ययन में परेशानी होने लगी है। गुमटियों के चलते भीड़ बढ़ने से स्कूल के बच्चों को आवागमन में परेशानी हो रही है, उसी स्थल चौराहा तथा मोड़ होने के कारण दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है , इन सभी समस्याओं के कारण स्कूल प्रबंधन द्वारा निगम को गुमटी हटाने के लिए शिकायत किया गया है! मामले को संज्ञान में लेते हुए नेहरू नगर के जोन आयुक्त मनीष गायकवाड़ के निर्देश पर सभी गुमटी संचालकों को नोटिस जारी कर गुमटी आवंटन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया था, लेकिन किसी ने भी कोई दस्तावेज नहीं दिए है, तो अब उन्हें अंतिम नोटिस जारी दस्तावेज प्रस्तुत करने समय दिया गया है , इसके बाद भी आवंटन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए तो निगम प्रशासन द्वारा शीघ्र ही स्कूल के बांउड्रीवाल से लगे हुए सभी गुमटियों को अवैध मानते हुए हटाने की कार्यवाही की जावेगी।

जनसंपर्क अधिकारी